दिन– शुक्रवार दिनांक– 14 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज जहानाबाद और अरवल जिले में। लगभग तीन सौ ग्यारह करोड़ रूपये की विकास योजनाओं की देंगे सौगात।

02. राज्य सरकार ने ग्यारह हजार दो सौ इक्यावन सड़कों के रख–रखाव के लिए सत्रह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

03. प्रदेश में दिल में छेद के साथ जन्म लेने वाले अठारह वर्ष से अधिक आयु वालों को भी अब मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में फिर बदलाव। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की सम्भावना।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज जहानाबाद और अरवल जिले में निर्धारित है। इस दौरान मुख्यमंत्री इन जिलों में कई विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। जहानाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री जिलेवासियों को लगभग दो सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात देंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिले के लिए लगभग 200 करोड़ रुपए के विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। इसमें काको प्रखंड में धरहरा आवासीय विद्यालय और काजीसराय सरकारी विद्यालय भवन का उद्‌घाटन शामिल है। इनडोर स्टेडियम में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के यात्रा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

जहानाबाद से आकाशवाणी समाचार के लिए आभाष रंजन।

इधर, अरवल जिले में भी प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डिग्री कॉलेज समेत एक सौ चौवालीस योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

जिले के करपी प्रखंड अंतर्गत बेलखारा गांव में मुख्यमंत्री के दौरे की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित होने वाले और पूर्ण हो चुके योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास मुख्यमंत्री करेंगे। जिसकी कुल लागत लगभग 111 करोड़ रूपया है। इन योजनाओं के पूरा होने से जिले में विकास की गति तेज होगी, और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रमुख योजनाओं में डिग्री कॉलेज, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, ग्रामीण उद्यान, खेल मैदान और चेक डैम शामिल हैं। मुख्यमंत्री यात्रा के दौरान जीवका दीदियों और आम लोगों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों ने अपने 16 स्टाल लगाए हैं, जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री करेंगे।

अरवल से आकाशवाणी समाचार के लिए चन्द्रभूषण कुमार।

——————————————————————————

राज्य सरकार दिल में छेद के साथ जन्म लेने वाले अठारह वर्ष से अधिक आयु वालों को भी अब मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करेगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इस संबंध में नीतिगत सहमति दे दी गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग और प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन, अहमदाबाद, श्री सत्य साईं हृदय रोग संस्थान के साथ एक नया समझौता किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि पिछले चार वर्षों में इस योजना से राज्य में अब तक दिल में छेद वाले लगभग उन्नीस सौ बच्चों का सफल आपरेशन किया जा चुका है।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत सैंतीस जिलों में ग्यारह हजार दो सौ इक्यावन पथों के पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन को स्वीकृति दी है। इन पथों की कुल लंबाई उन्नीस हजार आठ सौ सड़सठ किलोमीटर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सत्रह हजार दो सौ छियासठ करोड़ रूपये की राशि से सात सालों तक इन पथों का रख—रखाव होगा।

———बाइट———

वहीं, एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बालक—बालिका पोशाक योजना तथा बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत अप्रैल महीने से पोशाक की राशि हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। श्री सिद्धार्थ ने बताया कि इस योजना पर सात सौ दस करोड़ रूपये की राशि खर्च की जायेगी।

———बाइट———

बैठक में कुल इक्यावन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है।

——————————————————————————

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य की दो सड़क परियोजनाओं के एलायनमेंट को मंजूरी दे दी है। इस योजना में पटना—पूर्णिया एक्सप्रेस—वे और साहेबगंज—अरेराज—बेतिया को मंजूरी दी गई है। इन दोनों एक्सप्रेस—वे के निर्माण पर उन्नीस हजार चार सौ नवासी करोड़ रूपये खर्च होंगे। पटना—पूर्णिया एक्सप्रेस—वे दो सौ बयासी किलोमीटर लंबा होगा और

साहेबगंज–अरेराज–बेतिया सड़क की लम्बाई इक्यासी किलोमीटर होगी। पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस–वे वैशाली के मीरनगर से शुरू होकर समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा और मधेपुरा होते हुए एनएच–सत्ताईस पर पूर्णिया के चांदभट्टी तक जाएगा। यह एक्सप्रेस–वे नब्बे मीटर चौड़ा और छह लेन का होगा। दोनों एक्सप्रेस–वे का निर्माण तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में आर्द्रभूमियों के संरक्षण, विकास और ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बासठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि वैशाली स्थित बरैला झील के संरक्षण के लिए अट्ठाईस करोड़ पैंसठ लाख रूपये, कटिहार में गोगाबिल आर्द्रभूमि के विकास के लिए दस करोड़ रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। वहीं, बेगूसराय में कांवर ताल के लिए तेईस करोड़ छत्तीस लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई है।

———————————————————

खान और भू–तत्व मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अब कोई भी व्यक्ति विभाग में फोन कर बालू मंगा सकता है। श्री सिन्हा ने बताया कि इसके लिए विभाग ने एक कमांड एंड कन्ट्रोल केन्द्र बनाया है। इसके लिए दूरभाष संख्या– शून्य छह एक दो– दो दो एक पांच–तीन छह शून्य और मोबाईल नम्बर– नौ चार सात दो दो तीन आठ आठ दो एक पर सम्पर्क कर बालू मंगाई जा सकती है।

———————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से

———म्यूजिक———

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि कुंभवाणी स्टेशन पर महाकुंभ का प्रसारण प्रसार भारती के सटीक और विश्वसनीय जानकारी प्रसारित करने के उद्देश्य को दर्शाता है। श्री सहगल ने संगम में पवित्र स्नान– डुबकी लगाने के बाद प्रयागराज में कुंभवाणी रेडियो स्टेशन पर एक कार्यक्रम में यह बात कही।

———बाईट———

श्री सहगल ने नैनी अरेल संगम सेक्टर–चार में स्थापित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र के स्टूडियो का निरीक्षण किया और प्रसारण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन के व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्री सहगल ने

अनुमान व्यक्त किया कि प्रसार भारती– आकाशवाणी, कुंभवाणी, दूरदर्शन और वेव्स ओटीटी के माध्यम से लगभग पचहत्तर करोड़ से सौ करोड़ लोगों तक पहुंचा है।

——————————————————————

प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये रेलवे आज से अररिया जिले से प्रयागराज के लिए एक विशेष ट्रेन का परिचालन कर रहा है। यह ट्रेन आज जोगबनी से शाम छह बजकर चालीस मिनट पर चलेगी और कल शाम सात बजे टूंडला पहुंचेगी। वहीं, जोगबनी–सिलीगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो गया है। पिछले तीन महीने से बंद इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से सीमांचल समेत नेपाल के यात्रियों को सुविधा होगी।

——————————————————————

पूर्णियां जिला आज अपना दो सौ पचपनवां स्थापना दिवस मना रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से मेरे सपनो का पूर्णियां थीम पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———बाईट———

अविभाजित बंगाल में पूर्णियां जिले को वर्ष 1770 में अंग्रेजी शासन के अधीन पहला जिला बनाया गया था। वर्तमान में जिला ड्रैगन फ्रूट, मक्का और मखाना के उत्पादन में देश में प्रमुख स्थान रखता है। दो सौ पचपनवें स्थापना दिवस के अवसर पर आज सुबह से ही मैराथन दौड़ के साथ कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया है। इस अवसर पर बागवानी प्रदर्शनी, कृषि मेला, स्वास्थ्य शिविर, कला और संस्कृति मंचन जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

——————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। औसत न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिन के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है।

———बाइट———

——————————————————————

बायसी के राजद विधायक सैयद रूकनुद्दीन अहमद पर जदयू नेता को अगवा कर बेरहमी से पीटने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी पीड़ित जदयू नेता रेहान फैजल ने बायसी थाना में दर्ज करायी है।

——————————————————————

सहरसा जिले के नेपाल सीमा से सटे कोसी नदी और विभिन्न चौर क्षेत्रों में प्रवासी पक्षियों की गणना में तीन हजार तीन सौ सोलह देशी और विदेशी जल पक्षी मिले हैं। गणना के दौरान सबसे अधिक डेढ़ हजार लेसर व्हीटेलिंग डक और पांच सौ सत्रह सफेद बगुले देखे गये हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड के गंगा पार पंचायत हरिणमार थाना क्षेत्र के हरिणमार पंचायत वार्ड छह दास टोला में आग से आधे दर्जन घर जलकर नष्ट हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार खाना बनाने के दौरान आग लगने से यह घटना हुई।

———————————————————————

राज्य के एक लाख पचहत्तर हजार मोबाईल सिम विक्रेताओं का यूनिक रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। दूर संचार विभाग, सुरक्षा के उप महानिदेशक सूर्य प्रकाश ने बताया कि सिम बेचने की नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब प्रत्येक सिम विक्रेताओं को एक यूनिक नम्बर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिओ मैपिंग से सभी सिम विक्रेताओं को चिन्हित किया जा रहा है।

———————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा एसएसबी छप्पन वाहिनी के जवानों ने भारत– नेपाल सीमा पर सत्तर बैग यूरिया के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सहरसा जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत जलई ओपी की पुलिस ने पांच सौ लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना जिले के अगमकुंआ और बहादुरपुर थाने में बिना वर्दी के कार्य कर रहे दो मुंशियों को एसएसपी अवकाश कुमार ने निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

कैमूर जिले के मोहनिया में समेकित जांच केन्द्र पर कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में मद्य निषेध विभाग के अवर निरीक्षक इरशाद अंसारी और मद्य निषेध आरक्षी कुणाल कुमार को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– वक्फ बिल रिपोर्ट पर विपक्ष बिफरा।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– पांच वर्षों में प्रदेश में बढ़ सकतीं हैं मेडिकल की तीन हजार सीटें।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज जहानाबाद और अरवल जिले में। लगभग तीन सौ ग्यारह करोड़ रूपये की विकास योजनाओं की देंगे सौगात।

02. राज्य सरकार ने ग्यारह हजार दो सौ इक्यावन सड़कों के रख–रखाव के लिए सत्रह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

03. प्रदेश में दिल में छेद के साथ जन्म लेने वाले अठारह वर्ष से अधिक आयु वालों को भी अब मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में फिर बदलाव। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की सम्भावना।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।